# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, गुरुवार 16 अक्टूबर 2025




## खबर संक्षेप

### मल्दा में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा सुनने जुट रही श्रद्धालुओं की भीड़



**बिर्रा।** जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत गौरव ग्राम पंचायत मल्दा के सड़क पारा मोहल्ला में शनिवार 11 अक्टूबर को कलश यात्रा के साथ कश्यप परिवार द्वारा आयोजित संगीत मय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ। व्यास पीठ से कथा वाचक पंडित रघुनाथ दास महाराज चित्रकूट धाम उत्तर प्रदेश वाले की श्रीमुख से कथा का रसपान कराया जा रहा है। आचार्य पंडित जगदीश प्रसाद दुबे हैं। कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से प्रारंभ हो रहा है। कथावाचक रघुनाथ दास महाराज के द्वारा 12 अक्टूबर दिन रविवार को सुखदेव जन्म और परीक्षित जन्म के बारे में उपस्थित श्रोताओं को विस्तार पूर्वक वर्णन करके बताया गया। इसी तरह 13 अक्टूबर दिन सोमवार को वराह अवतार ,कपिल अवतार आदि के बारे में विस्तार पूर्वक वर्णन कर श्रोताओं को समझाया गया। 14 अक्टूबर दिन मंगलवार को ध्रुव चरित्र, प्रहलाद चरित्र श्री राम जन्म एवं बांके बिहारी भगवान श्री कृष्ण का जन्म उत्सव मनाया गया। इसी तरह 15 अक्टूबर दिन बुधवार को कृष्ण बाल लीला, माखन चोरी ,16 अक्टूबर गुरुवार को रासलीला, रुक्मणी विवाह और 17 अक्टूबर दिन शुक्रवार को सुदामा चरित्र ,परीक्षित मोक्ष, कथा विश्राम, तुलसी वर्षा एवं 18 अक्टूबर दिन शनिवार को हवन ,तुलसी, पूजन, पूर्णाहुति, सहस्त्रधारा के साथ ब्राम्हण भोज का कार्यक्रम रखा गया है। संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा श्रवण करने आयोजक परिवार के डॉक्टर केशव प्रसाद कश्यप श्रीमती सरस्वती कश्यप ,माखनलाल कश्यप, श्रीमती सुभद्रा कश्यप , परमानंद कश्यप श्रीमती उषा कश्यप, सुरेंद्र कश्यप श्रीमती वसुंधरा कश्यप के अलावा ग्राम वासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### चांपा दशहरा समिति ने ऐरन अग्रवाल परिवार को भेंट किया रामचरितमानस



**चांपा।** धार्मिक आस्था और परंपरा के प्रतीक चांपा दशहरा उत्सव समिति द्वारा नगर के अग्रवाल ऐरन परिवार को भी इस वर्ष श्री रामचरितमानस ग्रंथ एवं साथ में शस्त्र ग्रहण का परम सौभाग्य प्राप्त हुआ। समिति के जेस्ठ एवं श्रेष्ठ सभी सदस्यों ने डागा कॉलोनी बरपाली चौक स्थित स्वर्गीय रोशनलाल अग्रवाल के निवास पर पहुंचकर ऐरन अग्रवाल परिवार को श्री रामचरितमानस ग्रंथ एवं शस्त्र देकर हमारा हमें सम्मानित किया। इस अवसर पर परिवार के सभी सदस्य कमला देवी अग्रवाल, विजय अजय मधु, अंशिका, लक्ष्य, ऐरन अग्रवाल उपस्थित रहे। अग्रवाल ऐरन परिवार ने इस क्षण को अपने जीवन का परम सौभाग्य बताते हुए दशहरा उत्सव समिति का आभार व्यक्त किया। समिति के सदस्यों ने कहा की श्री रामचरितमानस ग्रंथ मानव जीवन के लिए आचरण मर्यादा और धर्म का प्रेरणा स्रोत है। ऐरन अग्रवाल परिवार को यह सम्मान मिलना चांपा नगर के लिए भी गर्व का विषय रहा। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों ने श्रीराम के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विशाल राठौर ने हासिल किया द्वितीय स्थान

**चांपा।** 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में लायंस इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल चांपा के छात्र विशाल राठौर ने 19 वर्ष बालक वर्ग हैंडबॉल



प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं शहर का नाम गौरवान्वित किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय के लायन रामप्रपन्न देवांगन (चेयरमैन, लायंस एजुकेशनल सोसाइटी, चांपा), तथा लायंस क्लब चांपा के अध्यक्ष लायन संतोष सोनी ने छात्र विशाल राठौर और उनके पीटीआई गौरव खटकवार को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि मेहनत, अनुशासन और लगन का परिणाम है तथा आने वाले विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। विद्यालय परिवार ने भी इस सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए विशाल राठौर को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

जाँजगीर मार्केट

फ्री फ्री ऑफर 66% छूट
बॉन्डेड कॉब रेडिमेड कपड़ा शोरूम
1 कपड़ा खरीदने पे
2 फ्री
कॉब कम्पनी के जूते
999/- मात्र
आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर
प्रो. आदित्य शंकर सिंघानिया
मो. 6260115021, 9302362173

समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने जनहित के कार्यों को मिशन मोड में पूर्ण करने दिए निर्देश

# पीएम सूर्य घर योजना से हितग्राहियों को करें लाभान्वित : महोबे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा



बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर जनमेजय महोबे।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने मंगलवार 14 अक्टूबर को साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों की गंभीरता से समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं का त्वरित समाधान शासन की प्राथमिकता है, अतः प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से लें और समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें।

बैठक में कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने आगामी छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस कार्यक्रमों की तैयारी के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के अवसर पर जिले में 2 नवंबर से 4 नवंबर तक तीन दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा शासन की उपलब्धियों, योजनाओं एवं परियोजनाओं पर आधारित विकास प्रदर्शनी लगाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। साथ ही, स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ आयोजित की जाएँ, जिनमें छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति की झलक दिखाई दे। उन्होंने 1 से 5 नवंबर तक सभी जिला मुख्यालयों के शासकीय भवनों पर रोशनी करने के निर्देश दिए। साथ ही निजी संस्थानों को भी भवनों में रोशनी करने हेतु प्रोत्साहित करने कहा। स्थापना दिवस कार्यक्रम के दौरान शासन की कल्याणकारी योजनाओं एवं हितग्राही मूलक योजनाओं से पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाएगा। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करें। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक ग्रामीण परिवार इस योजना से जुड़ें। पात्र हितग्राहियों को आवेदन प्रक्रिया, सब्सिडी की सुविधा और जनसमर्थ पोर्टल के जरिए मिलने वाले बैंक ऋण की जानकारी स्पष्ट रूप से दी जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि पंचायत स्तर पर बैठकें आयोजित कर ग्रामीणों को जागरूक किया जाए तथा नोडल अधिकारी सुनिश्चित करें कि योजना की जानकारी हर घर तक पहुंचे। कलेक्टर ने जिले में आगामी धान खरीदी की तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि धान खरीदी केंद्रों की व्यवस्थाओं की नियमित मॉनिटरिंग करें। किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले के किसानों का ई-केवाईसी आधार सीडिंग कार्यों को तेजी से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि किसानों से सीधे संपर्क स्थापित कर जिन किसानों की ई-केवाईसी एवं आधार सीडिंग अभी तक लंबित है, उन्हें शीघ्र पूरा कराया जाए ताकि किसी भी किसान को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में कठिनाई न हो। बैठक में डीएफओ हिमांशु डोंगरे, जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर ज्ञानेंद्र सिंह ठाकुर, आर के तंबोली सहित जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



स्वर्ण पदक एवं रजतक पदक के साथ उपस्थित अघोर विद्यापीठ पोड़ी दल्हा के खिलाड़ी।

## छत्तीसगढ़ स्टेट ओपन कराटे चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

राज्य की राजधानी रायपुर में 12 अक्टूबर को आयोजित 'छत्तीसगढ़ स्टेट ओपन कराटे चैंपियनशिप' में अघोर विद्यापीठ पोड़ी दल्हा अकलतरा के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक, रजत पदक, एवं ताम्र पदक हासिल करते हुए अपने विद्यालय एवं अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया।

इस चैंपियनशिप में बच्चों का मार्गदर्शन जिला कराटे संघ के प्रमुख वरुण पांडे एवं कोच श्रीमती रुक्मणी रानू ने किया। कराटे की दो प्रमुख विधा काता एवं कुमिते में प्रतिस्पर्धा करते हुए अघोर विद्यापीठ के उन्नति सिंह स्वर्ण एवं ताम्र पदक, रचना सोनी स्वर्ण एवं ताम्र पदक, किशन साहू रजत एवं ताम्र पदक, पलक सिंह स्वर्ण एवं ताम्र पदक, आर्यवीर स्वर्ण एवं ताम्र पदक, अनमोल ताम्र पदक, आस्था स्वर्ण एवं ताम्र पदक, जिसिका स्वर्ण एवं ताम्र पदक, अजय स्वर्ण एवं ताम्र पदक, विहान ताम्र पदक, मनुराज स्वर्ण एवं ताम्र,दिव्यांश स्वर्ण एवं ताम्र, आकृति रजत एवं ताम्र, समवर्ती स्वर्ण एवं ताम्र पदक हासिल किया। खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर अघोर विद्यापीठ के शाला संचालन समिति के अध्यक्ष गोपाल राम एवं प्राचार्य अंजली दुबे एवं शालेय परिवार ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

## अभिभावक और शिक्षक दोनों ही बच्चे के सर्वांगीण विकास के महत्वपूर्ण स्तंभ

**जांजगीर-चांपा।** ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर में 11 अक्टूबर को अभिभावकों और विद्यालय के मध्य आपसी संवाद और सहयोग को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक पैरेंट्स मीटिंग (अभिभावक-शिक्षक बैठक) का आयोजन किया गया। अभिभावकों के स्वागत हेतु विद्यालय प्रांगण को शिक्षिका श्रीमती मीना यादव के नेतृत्व में सुंदर रंगोली से सजाया गया, जिससे वातावरण अत्यंत मनोहर एवं उत्सवमय बन गया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों एवं अभिभावकों के बीच छात्रों की प्रगति, अनुशासन और शिक्षा की गुणवत्ता पर सार्थक चर्चा हुई। इस बैठक का संचालन एवं संपूर्ण आयोजन प्राचार्य डॉ. सुरेश यादव के मार्गदर्शन और समस्त स्टॉफ के सहयोग से किया गया। उन्होंने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि अभिभावक और शिक्षक दोनों ही बच्चे के सर्वांगीण विकास के दो महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। जब दोनों मिलकर कार्य करते हैं, तो बच्चों की प्रतिभा को नई दिशा और ऊंचाई मिलती है। बैठक के दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों, उपस्थिति, अनुशासन और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों से संबंधित विस्तृत जानकारी अभिभावकों को दी। साथ ही, अभिभावकों ने भी विद्यालय की शिक्षण पद्धति, अनुशासन व्यवस्था, तथा विद्यार्थियों की प्रगति को लेकर अपने विचार और सुझाव साझा किए। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यालय सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रतिबद्ध है। उन्होंने अभिभावकों से अनुरोध किया कि वे अपने बच्चों की पढ़ाई में नियमित रूप से रुचि लें और शिक्षकों से समय-समय पर संवाद बनाए रखें।




## दुर्ग सांसद बघेल एवं फेडरेशन के संयोजक कमल का फेडरेशन ने किया अभिनंदन

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला इकाई सक्ती के तत्वाधान में 13 अक्टूबर को रेस्ट हाउस, सक्ती में दोपहर 1:30 बजे दुर्ग सांसद विजय बघेल एवं कमल वर्मा प्रदेश संयोजक छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन का अभिनंदन किया गया। जिला सक्ती में अकस्मात दोनों नेताओं का आगमन हुआ। जिला संयोजक राधेलाल भारद्वाज, प्रमुख संरक्षक रमेश तिवारी, श्रीमती कुमुदनी बाघ द्विवेदी जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला अध्यक्ष छ.ग. राजपत्रित अधिकारी संघ, विश्वनाथ सिंह परिहार जिला संयोजक जांजगीर-चांपा, अर्जुन सिंह क्षत्रीय, डॉ. पैगवार जिला अध्यक्ष छ.ग. राजपत्रित अधिकारी संघ जांजगीर-चांपा, संतोष सोनी वरिष्ठ कर्मचारी नेता, अशोक चौहान, सुरेश जायसवाल प्राचार्य, संरक्षक विजय बहादुर सिंह कार्यकारी जिला संयोजक राधेश्याम साहू उपजिला संयोजक विकास चौबे रमेश देवांगन जिला प्रकोष्ठ जिला संयोजिका श्रीमती पार्वती खूंटे जिला महासचिव महिला प्रकोष्ठ डॉक्टर रजनी पटेल डभरा तहसील संयोजक यशवंत पटेल सक्ती तहसील अध्यक्ष अशोक कुमार राठौर विजय खूंटे इत्यादि छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के साथी उपस्थित रहे।






## हिंदी साहित्य और भक्ति काल के कवि विषय में अतिथि व्याख्यान आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवागढ़

राधाकृष्ण शिक्षण समिति एवं पंडित जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय नवागढ़ द्वारा संचालित स्नातकोत्तर हिंदी विभाग द्वारा 13 अक्टूबर को अतिथि व्याख्यान हिंदी साहित्य और भक्ति काल के कवि विषय में हुआ।

सरस्वती पूजन व स्वागत के बाद संस्था के संचालक डॉक्टर विनोद अग्रवाल एवं संचालक डॉ. अन्नपूर्णा अग्रवाल ने भक्तिकालीन साहित्य में सूर साहित्य के प्रभाव को रेखांकित किया। मुख्य अतिथि वक्ता के रूप में नवीन शासकीय महाविद्यालय सकरी के प्रोफेसर डॉक्टर फूलदास महंत ने साहित्य के उद्देश्य को जनोपयोगी बताया तथा भक्तिकाल में जिन कवियों ,कबीर, जायसी, सूर और तुलसी की गणना की जाती है,उनमें द्वैत ,अद्वैत,विशिष्टद्वैत तथा शुद्ध अद्वैत सभी का महत्व जीव मात्र के कल्याण के लिए हुआ है। भारत में जिस समय भक्तिकाल का अभ्युदय हुआ उस समय मुस्लिम संप्रदाय आगे बढ़ रहे थे। अशिक्षित जनता भक्ति के माध्यम से जीवन में शांति की तलाश में थे। उसी समय जैन,बौद्ध,ईसाई और इधर निर्गुण,सगुण, राम मार्गी,कृष्ण मार्गी भक्ति गुरुओं,कवियों के द्वारा जोरों पर था,समाज कल्याण,संस्कृति की रक्षा,सत असत का ज्ञान कराया जा रहा था। आज भी युवा छात्र छात्राओं को भक्तिकालीन साहित्य से प्रेरणा लेकर कर्म क्षेत्र को सफल बनाना चाहिए क्योंकि आज मल्टीमीडिया और तनाव ग्रस्त जीवन में हम देख रहे हैं कि युवा वर्ग भी दिशाविहीन होकर सही निर्णय लेने में देरी कर रहा है। ऐसे में कर्म क्षेत्र को सफल बनाने में भक्ति से शक्ति और विवेक दोनों सही मार्ग की ओर विद्यार्थियों को प्रशस्थ करेंगे। कार्यक्रम संचालन रजनी साहू एवं स्वागत श्रीमती लक्ष्मीन अगम मानिकपुरी ने किया। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन कमल सर ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टॉफ, स्टूडेंट्स से सभागार भरा था। संपूर्ण कार्यक्रम संयोजन हिन्दी विषय की सहायक प्राध्यापक श्रीमती लक्ष्मीन बाई मानिकपुरी एवं सुश्री यशोदा शांते के द्वारा किया गया।

### बुंदेला चौक में सतनाम संदेश यात्रा का हुआ भव्य स्वागत

**राहौद।** सतनामी समाज के स्वजातीय बंधु मुंगेली से पैदल गिरौदपुरी धाम के लिए रवाना हुए है। यात्रा सोमवार को दोपहर 1.30 बजे राहौद पहुंची जहां भाजपा नेता अमित अनंत, पार्षद व समाज के लोगों ने फूल- माला व धोती भेंट कर स्वागत किया। वहीं सतनाम संदेश यात्रा में शामिल लोगों को भोजन कराया गया। सतनामी समाज सैकड़ों की संख्या में बाबा गुरू घासीदास के द्वारा बताए हुए उपदेशों को लोगो तक पहुंचाने के लिए सतनाम संदेश शोभा यात्रा पैदल कर रहे हैं। सतनाम संदेश शोभायात्रा में मानव -मानव एक समान के संदेश व साथ ही लोगो को नशा से दूर रहने की अपील करते हुए यात्रा गिरौदपुरी धाम के लिए रवाना हुए हैं। सतनाम संदेश शोभायात्रा 10 अक्टूबर को मुंगेली से 180 किलो मीटर दूरी तय करेगी। यात्रा 5 चरणों मे गिरौदपुरी धाम पहुंचेगी। यात्रा के दौरान तखतपुर, बिलासपुर, दरिघाट, मस्तूरी , मुलमुला,पामगढ़ शिवरीनारायण और फिर गिरौदपुरी धाम में समापन होगी। यह सतनाम संदेश शोभायात्रा विगत चार वर्षों से लगातार सतनाम संदेश शोभायात्रा मुंगेली से गिरौदपुरी धाम के लिए निकालते आ रहे हैं हर वर्ष कि भांति इस वर्ष भी मुंगेली से गिरौदपुरी धाम के सतनाम संदेश शोभायात्रा का आयोजन में बड़ी संख्या में सतनामी समाज के लोगो ने बड़ी संख्या में शोभायात्रा में शामिल होकर पहुंचे हैं। इस अवसर रामचनारण अनंत ,विमल मनहर , सुनील रात्रै , विवेक, तरुण के द्वारा श्रीफल व धोती से भेंट किया गया।



### 5 हजार के लालच में गंवाए 1.60 लाख रुपए

**राउरकेला।** 5 हजार रुपए के नकली इनाम के लालच में एक युवती ने 1 लाख 60 हजार 40 रुपए गंवा दिए। साइबर ठगों ने खुद को गूगल पे का कर्मचारी बताकर युवती को झांसे में लिया और 32 बार अलग-अलग ओटीपी लेकर उसके बैंक खाते से रकम उड़ा ली। घटना छेंड थाना क्षेत्र की है। 24 वर्षीय युवती को एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने कहा कि उसके मोबाइल नंबर पर 5 हजार रुपए का पुरस्कार आया है। लिंक भेजकर ओटीपी साझा करने को कहा गया। युवती ने ठग की बातों पर भरोसा कर ओटीपी शेयर कर दिएए जिससे उसके खाते से 1.60 लाख रुपए निकल गए। जब उसने ठग से संपर्क करने की कोशिश की, तो नंबर बंद मिला। ठगी का एहसास होते ही उसने सोमवार को चेंद थाना में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

***जांजगीर-चांपा।** जिले के जनपद पंचायत बम्हनीडीह के बिर्रा गांव की महिला श्रीमती रश्मि कहरा ने यह साबित कर दिखाया है कि अगर हौसला बुलंद हो और अवसर मिले, तो गांव की मिट्टी से भी सफलता की कहानी लिखी जा सकती है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण सहित गांव के अन्य निर्माण कार्यों में सेंटरिंग प्लेट की आपूर्ति कर आज वह हर महीने 20 हजार रुपये की आमदनी अर्जित कर रही हैं।

online Booking:-www.tripuryatra.com
कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की ऊँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं आर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर,सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलॉजी, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई.ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पत्तियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतों की रुकावट, हर्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरॉइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

छत्तीसगढ़ स्टेट ओपन कराटे चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन
2



## खबर संक्षेप

### नवंबर माह से शुरु होगा पक्की सड़कों का निर्माण

**मालखरौदा।** मालखरौदा क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों में नवंबर माह से पक्की सड़कों का निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। सड़क बन जाने से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होगी। मालखरौदा अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग सक्ती से मिली जानकारी के अनुसार नवंबर माह से जिले के मालखरौदा ब्लाक अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बुंदेली से अडभार तक लगभग 3 करोड 30 लाख से अधिक की लागत से 3.75मीटर चौड़ा पक्की सड़क का निर्माण होगा। इसी प्रकार कलमी नहर पार से चिखली छोटे बड़े कोट बेलहाड़ीह तक लगभग 9 करोड़ 28 लाख से अधिक की लागत से पक्की सड़क का निर्माण होगा, जिससे आने-जाने में सुविधा क्षेत्र के ग्रामीणों को सुविधा होगी। क्षेत्र के ग्रामीण लंबे समय से पक्की सड़क बनायाए जाने की मांग क्षेत्र के विधायक एवं जनप्रतिनिधि से करते रहे थे, जो अब जाकर उनकी मांग पूरी होगी। इस संबंध में अनुविभागी अधिकारी लोक निर्माण विभाग सक्ती एस एस टांडे का कहना है कि मालखरौदा ब्लॉक के सड़कों का निर्माण कार्य नवंबर से शुरू होगा इसके लिए सभी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।

### कलेक्टर ने प्रशासनिक अधिकारियों के कामकाज में किया आंशिक संशोधन

**सक्ती।** कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने जिले में पदस्थ राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के मध्य पूर्व में जारी कार्य विभाजन आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए नीचे दर्शित अधिकारियों का दायित्व आगामी आदेश पर्यंत निम्नानुसार कार्य विभाजन किया है। कलेक्टर श्री तोपनो द्वारा जारी आदेश के अनुसार अपर कलेक्टर व अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुविभागीय दण्डाधिकारी डभरा बालेश्वर राम को जिला कार्यालय सक्ती में नवीन कार्य सौंपा गया है। इसके साथ ही डिप्टी कलेक्टर विनय कश्यप को जिला कार्यालय सक्ती से एसडीएम एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी डभरा का दायित्व सौंपा गया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील किया गया है।

### बोरसी में सात दिवसीय महालक्ष्मी महोत्सव का आयोजन 18 से

**तालदेवरी।** बोरसी भाठापारा में सात दिवसीय महालक्ष्मी पूजा का आयोजन शनिवार 18 अक्टूबर को कलश यात्रा एवं देव पूजन से प्रारंभ होगा। व्यास आचार्य पंडित देवकीनंदन तिवारी सिलादेही होंगे। महालक्ष्मी की महाआरती सुबह 8 बजे एवं शाम 7 बजे होगी। महालक्ष्मी पूजा 18 अक्टूबर धनतेरस देव आवाहन, 19 अक्टूबर नरक चतुर्दशी पूजा, 20 अक्टूबर को दीपावली 365 प्रज्ज्वलित होंगे। 21 अक्टूबर महालक्ष्मी सरस्वती कुबेर पूजन, 22 अक्टूबर अन्नकूट गोवर्धन पूजा, 23 अक्टूबर हवन पूर्णाहुति शस्त्र धारा, 24 अक्टूबर को महालक्ष्मी मूर्ति विसर्जन किया जाएगा। मुख्य यजमान ज्योति दिनेश चन्द्रा, दिलेश्वरी शिव चंद्रा जया खगेश चन्द्रा होंगे। आयोजन को सफल बनाने टिकेश चंद्रा मितेश चंद्रा लालु चंद्रा नर्सिंग चंद्रा जीवन लाल चंद्रा हरिश चंद्रा दादूलाल, सरपंच दिनेश चंद्रा सहित ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

### साक्षात्कार एवं कौशल परीक्षा 17 अक्टूबर को

**जांजगीर-चांपा।** पीएमश्री विद्यालयों में मानदेय पर संगीत प्रशिक्षक की सेवाएं हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन आंमंत्रित किये गये थे। चयन के संबंध में पात्र-अपात्र की सूची जारी कर दावा-आपत्ति मगाया गया था। जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा ने बताया कि निर्धारित तिथि तक कोई भी दावा-आपत्ति प्राप्त नही हुआ है। अभ्यर्थियों की अंतिम वरीयता सूची जारी कर दी गयी है। उन्होंने बताया कि संगीत शिक्षक, प्रशिक्षक हेतु पात्र अभ्यर्थियों को विद्यालयवार वरीयता क्रम में 1 : 3 में 17 अक्टूबर को समय 10 बजे से साक्षात्कार, कौशल परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य है।

# राज्य पुरस्कार स्काउट गाइड जांच परीक्षा के नाम पर छात्राओं को भी आधी रात तक रोका

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य पुरस्कार स्काउट-गाइड जांच परीक्षा शिविर संभाग के छात्र-छात्राओं के लिए परेशानी का सबब बन गया है। परीक्षा के नाम पर न केवल छात्रों को बल्कि छात्राओं को भी रात के डेढ़ बजे तक रोका गया। इसको लेकर अभिभावकों ने भारी नाराजगी जाहिर की है।

गौरतलब है कि जिला मुख्यालय जांजगीर के खोखरा स्टेडियम में रविवार 12 अक्टूबर भारत स्काउट्स एवं गाइड राज्य पुरस्कार जांच परीक्षा शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर 16 अक्टूबर तक चलेगा। इस दौरान जांच परीक्षा शिविर में बिलासपुर संभाग अंतर्गत पांच जिले जांजगीर-चांपा, बिलासपुर, मुंगेली, रायगढ़, कोरबा और सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिलों के 400 से अधिक स्काउट्स एवं गाइड्स भाग ले रहे हैं। पांच दिवसीय शिविर में विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण, मूल्यांकन एवं सामाजिक उपयोगी सेवा कार्यों का आयोजन किया जा रहा है। इधर शिविर के तीसरे दिन मंगलवार 14 अक्टूबर को शामिल होने वाले छात्र-छात्रा भारी परेशान हुए। स्काउट्स गाइड और उनके अभिभावकों से मिली शिकायत के अनुसार मंगलवार 14 अक्टूबर को जिला मुख्यालय जांजगीर के खोखराभांठा स्थित शिक्षा महाविद्यालय में आयोजित स्काउट्स गाइड जांच परीक्षा के नाम पर न केवल छात्र बल्कि छात्राओं तक को रात के 1 बजे तक रोककर रखा गया था। जिले के अलावा अन्य जिलों से आए छात्र-छात्राओं को इस तरह से आधी रात तक रोकने की स्थिति में अभिभावक पूरी रात चिंतित रहे। वे मोबाइल फोन के माध्यम से अपने बच्चों से संपर्क करते रहे। कई लोगों ने इसकी शिकायत भी की है। बताया जाता है कि आधी रात तक बड़ी संख्या में छात्राओं को भी परीक्षा के नाम पर रोका गया था। जबकि नियमानुसार शाम होने के बाद बच्चों को रोकना सही नहीं होता। खास करके छात्राओं को तो और भी रोकने की स्थिति नहीं बननी चाहिए। बहरहाल कारण चाहे जो भी हो, लेकिन जिस तरह से स्काउट गाइड पुरस्कार जांच परीक्षा के नाम पर छात्रों के साथ छात्राओं को भी आधी रात तक रोकने के इस मामले को लेकर अभिभावकों ने भारी नाराजगी जाहिर की है और सुरक्षा सहित व्यवस्था को लेकर तमाम तरह की बातें होने लगी है।

## संभागभर से पहुंचे स्काउट्स गाइड हुए परेशान



### मामले पर लेंगे संज्ञान

रात्रि में परीक्षा लेने का तो कोई नियम नहीं है। यदि परीक्षा के नाम पर रात तक रोका गया था तो इसकी जानकारी नहीं है। ऐसा हुआ है तो संज्ञान में लेंगे।

-अशोक सिन्हा,
जिला शिक्षा अधिकारी
जांजगीर-चांपा

## एग्रीस्टेक में सभी खसरों का पंजीयन नहीं, बढ़ी परेशानी

# ...तो अधिकांश रकबे में धान बेचने से वंचित हो जाएंगे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए प्रत्येक खसरा नंबर का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन की अनिवार्यता ने अफसरों के साथ किसानों की भी नींदे उड़ा दी है। दरअसल जांजगीर-चांपा जिले में भले ही 95 फीसदी से अधिक एग्री स्टेक पंजीयन का काम हो गया है, लेकिन तकरीबन 46 हजार किसानों का प्रत्येक खसरा नंबर एग्री स्टेक पोर्टल में पंजीकृत नहीं हुआ है। ऐसे में अधिकांश रकबे में किसान धान बेचने से वंचित हो सकते है। हालांकि इसको लेकर अब विशेष शिविर में लगाए जा रहे है।

गौरतलब है कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरु होने में बमुश्किल माहभर का समय शेष है। वहीं एग्रीस्टेक पंजीयन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर तक निर्धारित की गई है। इधर जिले में एग्रीस्टेक पंजीयन और एकीकृत पोर्टल में हुए पंजीयन को देखा जाए तो किसानों का अधिकांश रकबा छूट गया है। सूत्रों के मुताबिक तकरीबन 46 हजार किसानों का पूरा रकबा नहीं जुड़ा है। ऐसे में समय पर एग्रीस्टेक में पंजीयन नहीं होने पर वे धान बेचने से वंचित हो सकते है।



विशेष शिविर का निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर।

### सीएम की फटकार के बाद जागा प्रशासन

जिले में धान की रिकार्ड खरीदी होती है। इस हिसाब से एग्रीस्टेक पंजीयन में जिस तरह किसानों का खसरा नंबर छूटने की शिकायतें मिल रही है। इसको लेकर कलेक्टर कांफ्रेंस में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भारी नाराजगी जाहिर की थी। इसके बाद जिले के प्रशासन जागा और कांफ्रेंस से लौटते ही कलेक्टर के साथ पूरा अमला विशेष शिविर लगाकर सोसायटियों में पंजीयन कराने जुट गया है।

### समितियों में शुरु हुआ विशेष शिविर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने धान खरीदी केंद्रों की सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने और पारदर्शी तरीके से कार्य करने, एग्रीस्टैक पंजीयन में आ रही समस्याओं का मौके पर ही समाधान करने के निर्देश दिए हैं। इसी तारतम्य में एग्रीस्टैक पंजीयन में आ रही त्रुटियों और रकबा मिलान संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए जिला प्रशासन द्वारा 15 से 17 अक्टूबर तक समितियों के माध्यम से विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। किसानों को अब तहसील या अन्य दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, बल्कि सहकारी समिति स्तर पर ही उनका कार्य मौके पर निपटाया जाएगा। इसके लिए संबंधित समितियों में तहसीलदार पटवारी और सीएससी ऑपरेटर मौजूद रहेंगे ताकि किसानों की किसी भी समस्या का तत्काल समाधान किया जा सके। किसानों को 31 अक्टूबर 2025 तक एग्रिस्टैक पोर्टल में पंजीकरण कराना अनिवार्य है। बिना पंजीयन के किसान समर्थन मूल्य पर धान विक्रय नहीं कर सकेंगे। धान बेचने के लिए फार्मर रजिस्ट्री को अनिवार्य कर दिया गया है। इस संबंध में 15 से 17 अक्टूबर तक सभी समितियों में विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जहां किसान अपने दस्तावेजों के साथ पहुंचकर एग्रीस्टैक से जुड़ी समस्याओं का समाधान करा सकते हैं। किसानों से कहा गया है कि वे आधार कार्ड, बी-1 और पंजीकृत मोबाइल फोन आए साथ लेकर आएं, ताकि पंजीयन या सुधार का कार्य उसी समय पूर्ण किया जा सके। एग्रीस्टैक पंजीयन के दौरान कुछ किसानों के रकबे स्वचालित रूप से अपलोड नहीं हो पाए थे, जिसके कारण खरीदी केंद्रों की सूची में कुछ अंतर दिखाई दे रहा था। अब इन त्रुटियों को सुधारने के लिए मॉड्यूल आधारित समाधान प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। एग्रीस्टैक पंजीयन के दौरान कई किसानों के रकबे नहीं जुड़ पाए थे। अब इस समस्या का निराकरण सहकारी समिति स्तर पर किया जा रहा है। किसानों को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। हर किसान को खरीदी से पहले रकबा एवं अन्य विवरण दुरुस्त करने का अवसर दिया जा रहा है ताकि 15 नवंबर से शुरू होने वाली धान खरीदी में किसी को कठिनाई न हो।

# 42 लाख की धोखाधड़ी, विधायक तक नहीं पहुंची पुलिस, साथी गिरफ्तार

## चांपा थाने में दर्ज हुआ बालेश्वर व गौतम के खिलाफ मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

किसान से केसीसी लोन दिलाने के नाम पर किसान से 42 लाख रुपए ठगी के मामले में आरोपी बनाए गए जैजैपुर विधायक तक पुलिस नहीं पाई है। इस मामले में पुलिस ने सहआरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

इस संबंध में चांपा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राजकुमार शर्मा निवासी सरवानी परसापाली (सारागांव) एक लिखित रिपोर्ट दर्ज किया कि बालेश्वर साहू एवं गौतम राठौर ने राजकुमार के साथ घरेलू संबंध तथा जान पहचान होने का फायदा उठाकर प्रार्थी के नाम से केसीसी लोन दिलाने का झांसा देकर एचडीएफसी बैंक चांपा में प्रार्थी के नाम से खाता खुलवाकर लोन की रकम जमा कराया गया। प्रार्थी को लोन सैंक्शन होने के संबंध में बिना जानकारी दिए बैंक में सिक्योरिटी के रूप में चेक जमा करने की बात कहकर उसे विश्वास में लेकर कुल 10 चेक प्रार्थी से हस्ताक्षर करवा कर ले लिया। वहीं लोन की रकम में से आरोपी बालेश्वर साहू के द्वारा 16 लाख 30 हजार को अपने खाते में तथा 7 लाख 50 हजार को अपनी पत्नी आशा साहू के खाते में तथा ट्रांसफर कर लिया गया। इसी तरह दोनों आरोपियों के द्वारा अलग-अलग दिनांक में प्रार्थी,



पुलिस के साथ गिरफ्तार आरोपी।

उसकी पत्नी एवं मां के खातों से कुल 42 लाख 78 हजार को अपने अलग-अलग खातों में ट्रांसफर तथा नगदी आहरण कर दोनों आरोपियों के द्वारा आपस में बांटकर राजकुमार शर्मा के साथ धोखाधड़ी किया गया। सूचना पर आरोपी बालेश्वर साहू एवं गौतम राठौर के विरुद्ध थाना चांपा में धारा 420,467,468,471,34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया गया। इसी तरह प्रार्थी राजकुमार शर्मा ने थाना चापा में एक लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई की आरोपी गौतम कुमार राठौर ने प्रार्थी को घाटोली चौक इंडियन गैस एजेंसी के पास की भूमि को दिखाकर ग्राम हथनेवरा कि किसी अन्य व्यक्ति की भूमि को प्रार्थी की पत्नी के नाम से रजिस्ट्री कराया तथा 30 लाख रुपए ले लिया गया प्रार्थी के द्वारा जमीन पर कब्जा करने के दौरान पता चला कि उक्त जमीन किसी अन्य व्यक्ति की है। इस तरह आरोपी गौतम कुमार राठौर ने अपनी पत्नी शारदा राठौर के साथ मिलकर प्रार्थी को किसी अन्य की भूमि को दिखाकर रजिस्ट्री कराकर कुल 30 लाख रुपए की धोखाधड़ी किया है की रिपोर्ट पर थाना चांपा में धारा 420, 467, 468, 471, 34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उपरोक्त दोनों मामलों में आरोपी गौतम कुमार राठौर, बालेश्वर साहू एवं अन्य के विरुद्ध थाना चांपा में अपराध पंजीबद्ध होने के बाद से आरोपीगण फरार थे। मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर आरोपी गौतम कुमार राठौर को पुलिस टीम के द्वारा पकड़ा गया। वहीं पूछताछ के दौरान उसने धोखाधड़ी करना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से धोखाधड़ी किए गए रकम में से 16 हजार जप्त किया गया। वहीं आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

# शटर का ताला तोड़कर सामान की चोरी करने वाला आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह

रात्रि में दुकान के शटर का ताला तोड़कर चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने चंद घंटे में गिरफ्तार किया है। वहीं उसके कब्जे से 20 हजार रुपए का सामान जब्त किया है। मामला बम्हनीडीह थाने का है।

बम्हनीडीह पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 14 अक्टूबर की रात्रि में बम्हनीडीह बस स्टेण्ड में स्थित दुकान का शटर का ताला तोड़कर दुकान अंदर से सामान गुटखा और सिगरेट कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया। बम्हनीडीह निवासी गगन अग्रवाल की सूचना पर बम्हनीडीह



पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। चोरी के अरोपियो को पकडकर गिरफ्तार करने के संबंध में एसपी विजय कुमार पाण्डेय के द्वारा दिये गये निर्देशन में व अति पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप व एसडीओपी चांपा यदुमणी सिदार के मार्गदर्शन में तत्काल आरोपी व चोरी गये मशरूका की पता पतलाश में जुट गये। इसी क्रम में मुखबिर से सूचना मिला कि गावं के जुबेरअली को रात में घुमते फिरते देखा गया था जो अदातन चोर है। पुलिस ने साप्ताहिक बाजार से जुबेरअली को हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पुछताछ करने पर उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। उसके पास से घटना में प्रयुक्त राड, तीन पहिया रिक्शा को बरामद किया गया। वहीं उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। इस कार्यवाही में के.पी. सिह थाना प्रभारी थाना बम्हनीडीह, प्र.आर. मिलन राठौर, सुनील सिंह, आरक्षक जयराम बिंझवार, अमीर सिंह पैकरा, शैलेन्द्र राठौर एवं थाना स्टाफ का योगदान रहा।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के लिए आवेदन आमंत्रित

**सक्ती।** एकीकृत बाल विकास परियोजना सक्ती अंतर्गत रिक्त आंगनबाड़ी सहायिका आंगनबाड़ी केन्द्र परसापाली के पद की पूर्ति हेतु आवेदन पत्र 29 अक्टूबर से 12 नवम्बर तक कार्यालयीन दिवस सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना सक्ती में सीधे अथवा पंजीकृत डाक से भेजा जा सकता है। आवेदन पत्र का प्रारूप परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन किया जा सकता है।

# यूथ आइकॉन चौधरी आज देंगे सफलता संकल्प उत्सव में छात्रों को प्रेरणा के संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

हरि लीला ट्रस्ट बनारी (जांजगीर-नैला) द्वारा आयोजित "सफलता संकल्प उत्सव 2025" का भव्य आयोजन गुरुवार 16 अक्टूबर को होटल ड्रीम पॉइंट जांजगीर में अपराह्न 4 बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वित्त एवं वाणिज्यिक कर मंत्री ओ.पी. चौधरी होंगे।



कार्यक्रम में मंच से मंत्री श्री चौधरी विद्यार्थियों को प्रेरक संबोधन देंगे और उन्हें जीवन में लक्ष्य निर्धारण, परिश्रम और सकारात्मक सोच की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े करेंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप, अकलतरा विधायक राघवेंद्र सिंह, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, कलेक्टर जन्मेजय महोबे तथा पुलिस अधीक्षक विजय पांडेय उपस्थित रहेंगे। हरिलीला ट्रस्ट के अध्यक्ष लीलाधर सुल्तानिया के जन्मदिवस 16 अक्टूबर के अवसर पर जरूरतमंदो के विशेष सहयोग के लिए हर साल विशेष आयोजन कराये जाते है। इस बार भी यह आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तित्वों, संस्थाओं और मेधावी छात्रों का सम्मान किया जाएगा। ट्रस्ट द्वारा आयोजित "सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता महापरीक्षा अभियान" के विद्यालय स्तर के विजेताओं को मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा तथा विधानसभा स्तर मुख्य परीक्षा के विजेताओं को प्रथम 21 हजार, द्वितीय 11 हजार, तृतीय 5100 व सांत्वना पुरस्कार प्रतिभागियों को 2100, मोमेंटो व प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को "मेधावी छात्र सम्मान" प्रदान किया जाएगा। हरि लीला ट्रस्ट के सचिव अमर सुल्तानिया ने बताया कि यह आयोजन केवल एक सम्मान समारोह नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक सोच, सेवा भावना और सफलता की प्रेरणा जगाने का अभियान है। उन्होंने यह भी कहा कि यह मंच न केवल विद्यार्थियों को सम्मानित करेगा, बल्कि उन्हें 'सीखने से सफलता तक' की प्रेरणा भी देगा।

## शिव महापुराण के आठवें दिवस ब्यास आचार्य ने सुनाई भगवान शंकर के विभिन्न अवतारों की कथा

# पूरे भारत देश को एकता के सूत्र में जोड़ते हैं हमारे तीर्थ स्थल: आचार्य पांडेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

हमारा देश भारत धर्म परायण देश है, पूरे देश को एक सूत्र में पिरोने के लिए हमारे ऋषि मुनियों व देवताओं ने ऐसी व्यवस्था दी है कि पूरे देश के लोग गंगोत्री जाकर गंगाजल लेकर आते हैं और उसे दक्षिण भारत में रामेश्वरम में चढ़ाते हैं। इसी प्रकार देश के लगभग सभी भागों में तीर्थ हैं, यह तीर्थ हमें आपस में जोड़ते हैं।

ये बातें ब्यास आचार्य पं. मनोज पांडेय ने कही। वे ग्राम बनारी में तिवारी परिवार द्वारा आयोजित शिव महापुराण के आठवें दिन 12 ज्योतिंग के प्राकट्य की कथा सुना रहे थे। आचार्य श्री ने भगवान शंकर के विविध अवतारों का वर्णन किया। उन्होंने तीर्थ यात्रा की महत्ता बताते हुए कहा कि तीर्थ यात्रा करते समय हम अपनी दुर्बलताओं को दूर



ब्यासपीठ की पूजा-अर्चना करते आयोजक परिवार।

करते हुए विकारों को मिटाते हुए अत्यंत पवित्र भाव से भागवत भजन करते हुए वाहन यात्रा और निवास करना चाहिए। वहां जाकर के यदि हम मानसिक शारीरिक विकारों से ग्रस्त रहे तो तीर्थ में वास करने वाले स्थाई महात्माओं को कष्ट होता है। पुण्य आत्माओं को कष्ट होता है। आजकल तीर्थ यात्रा का स्वरूप विकृत होने लगा है। लोग पिकनिक मनाने पर्यटन करने की दृष्टि से तीर्थ की यात्राएं कर रहे हैं, यह अच्छी बात नहीं है। तीर्थ धार्मिक और आध्यात्मिक उन्नति के लिए है, तीर्थ हुआ है जो हमें तार दे, हमें सद्गति मुक्ति प्रदान करें। सभी लोग तीर्थ में जाकर के अपने पाप नष्ट होने की भावना करते हैं, अपने पापों को वहां छोड़कर हम पवित्र होकर आए, यह भाव करते हैं, लेकिन जब पुण्यात्मा जीव तीर्थ यात्रा करते हैं उनके अंग स्पर्श से तीर्थ भी पावन हो जाते हैं, पवित्र हो जाते हैं। यदि हम भागवत भाव से युक्त होकर तीर्थ की यात्रा करें तो हम तीर्थ को भी पावन बना सकते हैं। यह सावधानी हमारे भीतर होनी चाहिए कि हम तीर्थ को और पवित्र बनाएं। इसके अलावा उन्होंने अश्वत्थामा, दुर्वासा, हनुमान जी पिप्पलाद, नंदीश्वरजी की कथा सुनाई। उपस्थित श्रद्धालुओं को अश्वत्थामा की कथा सुनाते हुए ब्यास आचार्य पं. पांडेय ने कहा की बृहस्पति के भरद्वाज पुत्र हुए। भरद्वाज से द्रोणाचार्य हुए। द्रोणाचार्य ने भगवान शंकर की कठोर तपस्या की और वरदान में अश्वत्थामा को पुत्र रूप में पाया, जो चिरंजीवी भी हैं। कथा श्रवण करने श्रीमती आशा-कृष्णकांत तिवारी, श्रीमती सुनीता-रमाकांत तिवारी, श्रीमती दुर्गा-कमलकांत तिवारी, श्रीमती सुशीला तिवारी, श्रीमती उषाकिरण, जगदीश तिवारी, सीता तिवारी, सीमा शुक्ला, माधव प्रसाद पाण्डेय, गोपाल प्रसाद पाण्डेय, के के पांडेय, विजय तिवारी, राकेश तिवारी, रमाकान्त तिवारी, राम कुमार तिवारी, राजकुमार तिवारी, रविशंकर चौबे बसंत लाल तिवारी, राकेश पांडेय, सरपंच देवनारायण सिदार, हेमंत साहू सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
राइनोप्लास्टी



नाक को सही (रिशेपिंग) करना
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.


हरि लीला ट्रस्ट
सेवा समर्पण सद्भाव
का आयोजन
भविष्य वही उज्ज्वल होता है,
जिसकी दिशा सही होती है।
("The future shines brightest when the direction is right.")
सफलता संकल्प उत्सव 2025
(Honouring Excellence Inspiring Future)
में पधारे सम्माननीय अतिथियों, आगन्तुकों एवं
छात्र/छात्राओं का हार्दिक अभिनंदन...
प्रेरणा सम्मान समारोह
मेधावी छात्र सम्मान
जनरल नॉलेज चैंपियन
विशेष आकर्षण
मोटिवेशनल सेशन
कैरियर मेला
16 अक्टूबर 2025
शाम 4:00 बजे से
स्थान: होटल ड्रीम पॉइंट, जांजगीर
मुख्य अतिथि
यूथ आईकान
मान. ओ.पी. चौधरी जी
मंत्री, वित्त वाणिज्यिक कर, छ.ग. शासन
श्री लीलाधर सुल्तानिया जी
(ताऊजी)
वरिष्ठ समाजसेवी एवं अध्यक्ष, हरि लीला ट्रस्ट
को
जन्मदिन की
बहुत बहुत शुभकामनाएँ
अध्यक्षता
मान. कमलेश जांगड़े जी
सांसद, जांजगीर-चाम्पा
विशिष्ट अतिथि
मान. व्यास कश्यप जी
विधायक, जांजगीर-चाम्पा
विशिष्ट अतिथि
मान. राघवेन्द्र सिंह जी
विधायक, अकलतरा
विशिष्ट अतिथि
मान. नारायण चंदेल जी
पूर्व नेता प्रतिपक्ष, छ.ग. विधानसभा
विशिष्ट अतिथि
मान. जन्मेजय महोबे जी
आई.ए.एस., कलेक्टर, जांजगीर-चाम्पा
विशिष्ट अतिथि
मान. विजय पाण्डेय जी
आई.पी.एस., एस.पी., जांजगीर-चाम्पा
विक्रांत अग्रवाल
दीपक सिंघानिया
अखिल बंसल
आकाश सिंघानिया
नवदीप अग्रवाल
तुषार अग्रवाल
हिमांशु अग्रवाल
मुकेश भोपालपुरिया
प्रवीण अग्रवाल
पंकज अग्रवाल
राकेश अग्रवाल
आशीष गोयल
आशीष अग्रवाल
सुनील अग्रवाल
प्रदीप सोनी
सतीश अग्रवाल
संदीप अग्रवाल
पूनम अग्रवाल
मनीषा अग्रवाल
पूनम अग्रवाल
सुनीता मोदी
शिखा अग्रवाल
अनुपमा गोयल
सपना झाझड़िया
कल्याणी भोपालपुरिया
प्रियंका मोदी
ममता भोपालपुरिया
ममता बसईवाल
बीना बंसल
रेखा अग्रवाल
शीतल पालीवाल
सरिता झाझड़िया
कुसुम पालीवाल
रजनी भोपालपुरिया
मंजू बसईवाल
संगीता भोपालपुरिया
बबीता गर्ग
अनिता अग्रवाल
अंजू अग्रवाल
पूनम अग्रवाल
ममता मोदी
अनिता बंसल
सुधा झाझड़िया
नीता अग्रवाल
शेफाली बंसल
मानसी मित्तल
श्वेता सराफ
संगीता मित्तल
बरखा गोयल
बबीता धानुका
कंचन अग्रवाल
मधु शर्मा
सरोज अग्रवाल
सोनीना पालीवाल
खुशबू अग्रवाल
कीर्ति पालीवाल
ज्योति मित्तल
लक्ष्मी अग्रवाल
शीला मित्तल
ममता अग्रवाल
मनीष तिवारी
हितेश यादव
धर्मेन्द्र राणा
सुधीर अग्रवाल
मुकेश भोपालपुरिया
जितेन्द्र खाण्डे
साकेत तिवारी
सुनील पाण्डेय
वृंदावन सिंह
विरेन्द्र सिंह
विवेक सिंह
भूपेन्द्र साहू
रामेश्वर पटेल
संतोष राठौर
रमेश सोनवानी
मणिकांत अग्रवाल
पुष्पेन्द्र निर्मलकर
आशीष गोयल
प्रवीण अग्रवाल
रवि पाण्डेय
संदीप पाण्डेय
राजेन्द्र साहू
अविनाश द्विवेदी
हितेश साहू
डिगेश मनहर
सागर राठौर
कमल राठौर
प्रांशु राठौर
कुलदीप राठौर
अमर सुल्तानिया
HARI KESHRI
आयोजक :
हरि लीला ट्रस्ट बनारी नैला-जांजगीर
Swaad Bhi Swaasth Bhi